**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1763**
**05 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) की प्रमुख विशेषताएं

**1763. श्री ज्ञानेश्वर पाटीलः**

**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरेः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों में उक्त मिशन के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त राज्यों में उक्त मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों और अब तक प्राप्त की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त मिशन के अंतर्गत सम्पूर्ण देश में अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित किया है; और

(ङ) यदि हां, तो मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र विशेषकर छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और ऐसे संयंत्रों की तत्संबंधी स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) : भारत सरकार ने दिनांक 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) को प्रारंभ किया था, जिसका उद्देश्य खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) और देश के शहरी क्षेत्रों में उत्पन्न नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) का वैज्ञानिक प्रसंस्करण करना है। इस प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए, दिनांक 1 अक्टूबर, 2021 को एसबीएम-शहरी 2.0 को प्रारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य 100% स्रोत पृथक्करण, घर-घर जाकर संग्रह और कचरे के सभी अंशों का वैज्ञानिक प्रसंस्करण, वैज्ञानिक लैंडफिल में सुरक्षित निपटान, हरित क्षेत्रों में परिवर्तित करके सभी पुराने डंपसाइटों का उपचार और 1 लाख से कम आबादी वाले शहरी

स्थानीय निकायों (यूएलबी) के लिए मल कीचड़ सहित इस्तेमाल किए गए पानी का शोधन करके "कचरा मुक्त" स्थिति प्राप्त करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अशोधित पानी भूजल या जल निकायों को प्रदूषित न करें।

(ख) : एसबीएम-यू और एसबीएम-यू 2.0 के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियों का केंद्रीय हिस्सा (सीएस) पूरी मिशन अवधि के लिए आवंटित किया जाता है, न कि वार्षिक आधार पर। एसबीएम-यू और एसबीएम-यू 2.0 के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों को आवंटित और उनके द्वारा उपयोग/दावा की गई निधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

**(करोड़ रुपए में)**

| **राज्य** | **मिशन चरण** | **मिशन आवंटन** | **जारी की गई/दावा की गई निधि** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| **मध्य प्रदेश** | एसबीएम-यू (2014-2021) | **920.04** | **26.72** | **36.45** | **90.72** | **29.07** | **-** |
| | एसबीएम-यू 2.0 (2021-2026) | **2200.20** | **-** | **-** | **30.43** | **0.00** | **89.17** |
| **महाराष्ट्र** | एसबीएम-यू (2014-2021) | **1677.80** | **286.63** | **153.61** | **102.54** | **60.00** | **-** |
| | एसबीएम-यू 2.0 (2021-2026) | **3758.50** | **-** | **-** | **142.68** | **23.75** | **625.38** |

**(ग) : महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों में एसबीएम-यू और एसबीएम-यू 2.0 के अंतर्गत अब तक निर्धारित लक्ष्यों और प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा, जैसा कि राज्यों द्वारा स्वच्छतम पोर्टल पर बताया गया है, निम्नानुसार है:**

| राज्य | श्रेणी | मिशन लक्ष्य | पूर्ण |
|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल) | 6,29,819 | 7,22,791 |
| | सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालय | **59,706** | **1,66,465** |
| | नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | उत्पन्न अपशिष्ट | प्रसंस्कृत अपशिष्ट |
| | | 24,155 मीट्रिक टन/दिन | 22,928 मीट्रिक टन/दिन |
| मध्य प्रदेश | व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल) | 5,12,380 | 5,79,642 |
| | सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालय | 40,230 | 29,867 |
| | नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | उत्पन्न अपशिष्ट | प्रसंस्कृत अपशिष्ट |
| | | 6,948 मीट्रिक टन/दिन | 6,920 मीट्रिक टन/दिन |

(घ) और (ङ): एसबीएम-यू में हुई प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए, अगला चरण अर्थात स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-यू) 2.0 को दिनांक 1 अक्टूबर, 2021 को पांच वर्ष की अवधि के लिए सभी शहरों में सुरक्षित स्वच्छता और नगरपालिका ठोस कचरे के वैज्ञानिक प्रसंस्करण के दृष्टिकोण के साथ प्रारंभ किया गया था। अक्टूबर, 2026 तक एसबीएम-यू 2.0 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) नीति निर्देश, वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करता है। स्वच्छतम पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, देश के शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन कुल 1,61,910 टन (टीपीडी) नगरपालिका ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है, जिसमें से 1,29,949 टीपीडी का प्रसंस्करण किया जाता है। अर्थात वर्ष 2014 में 16% अपशिष्ट प्रसंस्करण के मुकाबले, वर्तमान प्रसंस्करण क्षमता बढ़कर 80.26% हो गई है। ठोस अपशिष्ट संयंत्रों के बारे में शहरी स्थानीय निकाय-वार, महाराष्ट्र और

मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार विवरण https://sbmurban.org/swachh-bharat-mission-progess पर उपलब्ध है ।

*****